Sl. No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 25

No. of Printed Pages – 04

E-सामाजिक विज्ञान

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा, मॉडल पेपर-1

PRARAMBHIK SHIKSHA PURNATA PRAMAN-PATRA PARIKSHA, MODEL PAPER-1

कक्षा - 8

सामाजिक विज्ञान

SOCIAL SCIENCE

समय : 2.30 घण्टे] [पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

(5) प्रश्न संख्या 1 से 6 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें।

(6) प्रश्न संख्या 22 मानचित्र से संबंधित है, इसके लिए 4 अंक निर्धारित हैं। दिए गए रेखा मानचित्र को प्रश्न-पत्र से पृथक कर अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ अवश्य नत्थी कीजिए।

(7) प्रश्न संख्या 7 से 13 के उत्तर 2 से 3 पंक्ति, प्रश्न संख्या 14 से 21 के उत्तर 5 से 7 पंक्ति तथा प्रश्न संख्या 23 से 25 के उत्तर अधिकतम एक पृष्ठ में लिखिए।

(8) प्रश्न संख्या 23, 24, 25 में आन्तरिक विकल्प हैं।

खण्ड - अ

1. पूर्णत: राजस्थान में बहने वाली सबसे लम्बी नदी है - 1

(अ) चम्बल (ब) बनास

(स) लूनी (द) माही

2. राजस्थान में ब्रह्माजी का मंदिर स्थित है- 1

(अ) जयपुर में (ब) पुष्कर में

(स) अलवर में (द) डीग में

Scanned by CamScanner

खण्ड - स

14. भारत के अक्षांशीय और देशान्तरीय विस्तार को समझाइए। 4

15. 'हमें नव्यकरणीय ऊर्जा संसाधनों पर अधिक बल देना चाहिए।' क्यों ? समझाइए। 4

16. भारतमाला परियोजना क्या है ? समझाइए। 4

17. समाज में आर्थिक असमानताओं के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए। 4

18. भारत में राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों का उल्लेख कीजिए। 4

19. पीलकमीशन की रिपोर्ट पर सेना विभाग में क्या परिवर्तन किए गए ? 4

20. राजस्थान के एकीकरण के प्रथम चरण का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

21. स्वच्छता क्यों आवश्यक है ? शैक्षणिक भ्रमण पर जाते समय किन निर्देशों का पालन करना चाहिए ? 2+2=4

22. भारत के मानचित्र में निम्न को दर्शाइए (कोई - 4) 1+1+1+1=4

(1) कोटा (2) मुम्बई (3) हाडौती का पठार

(4) तटीय मैदान (5) मेरठ (6) सरदार सरोवर परियोजना।



Scanned by CamScanner

3. बीमाकृत व्यक्ति को चिकित्सा उपचार और शल्यचिकित्सा के खर्चों की पूर्ति करने वाला बीमा है – 1

(अ) आय बीमा (ब) गृह बीमा

(स) मोटर बीमा (द) स्वास्थ्य बीमा

4. लोकेश वाहन चलाने के योग्य होने पर किस लाइसेंस के लिए आवेदन करेगा? 1

(अ) दुकान लाइसेंस (ब) मेडिकल लाइसेंस

(स) ड्राइविंग लाइसेंस (द) ई–मेल लाइसेंस

5. मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी– 1

(अ) शिवाजी ने (ब) गोकुल ने

(स) रानी लक्ष्मीबाई ने (द) जयसिंह ने

6. सैयद अहमद खाँ द्वारा 1875 में अलीगढ़ में 'मोहम्डन एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज' की स्थापना के उद्देश्यों से हमें क्या सीख लेनी चाहिए? 1

(अ) साम्प्रदायिक शिक्षा को बढ़ाना (ब) आधुनिक शिक्षा प्राप्त करना

(स) मुसलमानों को शिक्षा की मुख्य धारा से दूर रखना (ड) पुरानी रूढ़िवादिता को स्वीकार करना।

प्रश्न	1	2	3	4	5	6
उत्तर						

खण्ड – ब

7. जल विभाजक रेखा किसे कहते हैं? समझाइए। 2

8. कुटीर उद्योग क्या हैं? किन्हीं दो कुटीर उद्योगों का नाम लिखिए। 1+1=2

9. किसी राष्ट्र के विकास को मापने के लिए कौन से आर्थिक सूचक काम में लिए जाते हैं? 2

10. संविधान क्या है? इसके प्रकार बताइए। 1+1=2

11. दूसरी सुरक्षा पंक्ति के रूप में सुरक्षा बलों के दो प्रमुख कार्यों को बताइए। 1+1=2

12. अंग्रेजों द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था का शोषण किए जाने का क्या परिणाम निकला? 2

13. सरदार पटेल को लौह पुरुष क्यों कहा जाता है? 2

Scanned by CamScanner

खण्ड - द

23. हिमालय और पूर्वोत्तर पर्वत शृंखलाओं से भारत को होने वाले लाभों का वर्णन कीजिए। 8

अथवा

राजस्थान को किन-किन भौतिक प्रदेशों में बाँटा जा सकता है? अरावली पर्वत का विस्तार से वर्णन कीजिए। 8

24. यदि हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों की व्यवस्था नहीं की गई होती तो उसके क्या दुष्प्रभाव होते? समानता के मौलिक अधिकार का वर्णन कीजिए। 8

अथवा

भारत निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्य क्या है? स्वीप त्रि-आयामी कार्यनीति पर कार्य करता है। कैसे? विस्तार से बताइए। 8

25. राष्ट्रीय आन्दोलन में राजस्थान के अर्जुनलाल सेठी के योगदान का वर्णन कीजिए। 8

अथवा

1857 के क्रांति के परिणाम और इसके विश्व-व्यापी प्रभाव बताइए। 8

Scanned by CamScanner